**2014**

# विधि (राजस्व और दाण्डिक)

## प्रश्न पत्र - III

# LAW (Revenue and Criminal)

## Paper - III

*निर्धारित समय : तीन घण्टे]* *[ पूर्णांक : 200*

*Time allowed : Three Hours]* *[Maximum Marks : 200*

*नोट :* *अभ्यर्थी कुल छः (6) प्रश्नों का उत्तर दें, जिनमें खण्ड 'अ' से प्रश्न संख्या 1 तथा अन्य कोई **दो** प्रश्न तथा खण्ड 'ब' से प्रश्न संख्या 6 तथा अन्य कोई **दो** प्रश्न हों । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं । एक प्रश्न के सभी भागों का उत्तर अनिवार्यत: एक साथ दिया जाय ।*

**Note :** *Candidate should answer **six** questions in all, out of which they should answer Question No. 1 and any other **two** questions from group 'A' and Question No. 6 and any other **two** questions from group 'B'. Marks carried by each question are indicated at its end. The parts of same question must be answered together.*

### खण्ड – अ / Group – A

1. (अ) उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन एवं भूमि सुधार अधिनियम, 1950 के अन्तर्गत भूमिधर एवं आसामी के उत्तराधिकार के उपबन्धों का वर्णन कीजिए । **20**

(ब) निम्नलिखित मामले में उत्तराधिकार का क्रम बताइए :

जब पुरुष भूमिधर अपने पीछे निम्नलिखित को छोड़कर मर जाता है :

(i) विवाहित लड़की

(ii) विवाहित बहन और

(iii) पिता **10**

(स) 'अ' और 'ब' संयुक्त सम्पत्ति के स्वामी थे । 'अ' के पास खुदकाश्त और सीर भूमि के रूप में 50 एकड़ भूमि थी जबकि 'ब' के पास केवल 10 एकड़ भूमि थी । इस प्रकार सीर और खुदकाश्त भूमि कुल 60 एकड़ थी, जिसमें से प्रत्येक स्वामी का अंश 30 एकड़ था । निहित तिथि के पश्चात् इस संयुक्त सम्पत्ति के क्या परिणाम होंगे और इस सम्पत्ति को 'अ' और 'ब' के बीच में विभाजित कीजिए । **10**

(a) Describe the provisions of succession of Assami and Bhumidhar under the U.P.Z.A. and L.R. Act, 1950.

(b) Point out the order of succession in the following case :

When a male Bhumidhar dies leaving behind him the following :

(i) Married Daughter

(ii) Married Sister and

(iii) Father

(c) 'A' and 'B' were the proprietors of a Joint estate. 'A' held 50 acres of land as Khudkasht and Sir land while 'B' held only 10 acres. The total Sir and Khudkasht land in joint estate amounted to 60 acres, in which proprietor's share is 30 acres. After the date of vesting what will be the consequences of this joint estate and divide this estate between 'A' and 'B'.

2. (अ) उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन एवं भूमि सुधार अधिनियम के अन्तर्गत वसीयत करने के अधिकार की व्याख्या कीजिए । "उत्तराधिकार वसीयत के अधीन है", से आप क्या समझते हैं ? **20**

(ब) एक अंतरणीय अधिकार वाला मुस्लिम भूमिधर, जो अनपढ़ है, दो गवाहों की उपस्थिति में मौखिक रूप से वसीयत करता है । वसीयत की वैधता की व्याख्या कीजिए । **10**

(a) Explain the provisions of right to bequest under U.P.Z.A. and L.R. Act. What do you understand by the "succession is subject to will" ?

(b) A Muslim Bhumidhar with transferable rights, who is illiterate bequest orally in presence of two witnesses. Explain the validity of will.

3. (अ) उ.प्र. जमींदारी उन्मूलन एवं भूमि सुधार अधिनियम के अन्तर्गत खाली भूमि में दाखिल किये जाने वाले व्यक्तियों की वरीयता का क्रम क्या है ? **10**

(ब) बेदखली के लिए वाद प्रस्तुत करने में असफल रहने अथवा बेदखली के अन्तर्गत प्राप्त आज्ञप्ति का निष्पादन कराने में असफल रहने से सम्बन्धित प्रावधान क्या हैं ? समझाइए । **10**

(स) जोतों के विनिमय की प्रक्रिया संक्षेप में लिखिए । **10**

(a) What is the order of preference of persons for the admission in the vacant land under U.P.Z.A. and L.R. Act ?

(b) What are the provisions of failure to file suit for ejectment or to execute decree obtained thereunder ? Explain.

(c) Write in brief the procedure of exchange of holdings.

4. (अ) जोत के समर्पण और परित्याग के आवश्यक तत्त्वों को पूर्ण रूप से समझाइए और इन दोनों में अन्तर बताइए । विभिन्न जोतदार किस प्रकार अपनी जोतों का समर्पण कर सकते हैं ? **15**

(ब) बकाया मालगुजारी की वसूली की प्रक्रिया का संक्षिप्त वर्णन कीजिए । **15**

(a) Explain fully the essential elements of surrender and abandonment and distinguish between the two. How can different tenure-holders surrender their holdings ?

(b) Discuss briefly the procedure for payment of arrears of land revenue.

5. (अ) सीमा चिह्न क्या है ? उनके रखरखाव के लिए कौन उत्तरदायी हैं ? सीमा चिह्नों को हटाने के लिए क्या शास्ति उपबन्धित की गयी है ? **20**

(ब) 'अ' 16 वर्ष का अवयस्क है और उसकी पत्नी 'ब' 20 वर्ष की है । 'ब' के पास कुछ भूमि है । क्या 'ब' भूमि को पट्टे पर दे सकती है ? **10**

(a) What is boundary marks ? Who are responsible for maintenance of them ? What penalty has been provided for removing boundary marks ?

(b) 'A' is a minor, aged 16 years and his wife 'B' is of 20 years age. 'B' has some land. Can 'B' letout the land ?

## खण्ड – ब / Group – B

6. (अ) दाण्डिक विधि (संशोधन) अधिनियम, 2013 द्वारा भारतीय दण्ड संहिता में क्या महत्त्वपूर्ण संशोधन किये गये हैं ? संक्षेप में वर्णन कीजिए । **20**

(ब) एक अपराध को कारित करने में विभिन्न प्रक्रम क्या होते हैं ? वर्णन कीजिए । **10**

(स) एक भारतीय चीन में एक ऐसे विवाह समारोह में जो बाल विवाह निषेध अधिनियम के अन्तर्गत प्रतिबन्धित था, में सक्रिय रूप से भाग लेता है । तत्पश्चात् वह भारत वापिस आता है । क्या उसका भारत के किसी भी न्यायालय में, जिसके क्षेत्राधिकार में, वह भारत में पाया जाता है, विचारण हो सकता है ? **10**

(a) What important amendments are done in Indian Penal Code by the Criminal Law (Amendment) Act, 2013 ? Explain in brief.

(b) What are different stages in commission of a Crime ? Explain.

(c) An Indian citizen, takes an active part in China, in the performance of a wedding ceremony prohibited under the Child Marriage Restraint Act. Afterwards, he comes back to India, can he be tried in any of the Indian Courts in the jurisdiction of which he is found in India ?

7. (अ) सम्पत्ति की प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार क्या है ? यह अधिकार कब प्रारम्भ होता है और कब तक लागू रहता है ? **15**

(ब) "डि मिनिमिस नॉन क्यूरेट लेक्स" पर एक टिप्पणी लिखिए । **10**

(स) 'अ' देखता है कि 'ब' एक कृत्य कर रहा है जो उसे हत्या दिखाई देता है । 'अ' ने सदभावनापूर्वक पुलिस को सौंपने के इरादे से 'ब' को पकड़ लिया । क्या 'अ' ने कोई अपराध कारित किया ? **5**

(a) What is right of private defence of property ? When does this right commence and how long this continue ?

(b) Write a note on "de minimis non curat lex".

(c) 'A' see that 'B' is doing an act which he seems murder. 'A' caught 'B' with intention to give him to Police, in good faith. Has 'A' committed any offence ?

8. (अ) "सभी हत्याओं में सदोष मानववध होता है, लेकिन सभी सदोष मानववध आवश्यक रूप से हत्या नहीं होते ।" क्या आप सहमत है ? उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए । **20**

(ब) किसी सम्पत्ति के मामले को लेकर दो भाइयों में विवाद था । एक अवसर पर इन दोनों भाइयों की पत्नियाँ आपस में झगड़ा कर रही थीं । तभी दोनों भाइयों के बड़े भाई आये और उनसे प्रार्थना की, कि वह झगड़ा बन्द कर दें । उसी समय छोटा भाई अचानक आया और उसने बड़े भाई के सिर पर एक घातक मुक्का मारा जिसके फलस्वरूप कुछ समय पश्चात् वह अस्पताल में मर गया । छोटे भाई द्वारा कौन सा अपराध कारित किया गया है ? **10**

(a) "In all murders, there is culpable homicide but every culpable homicide is not necessarily murder." Do you agree ? Explain with illustrations.

(b) There a dispute between two brothers regarding some property matter. On a particular occasion wives of these two brothers were found quarrelling with each other. The elder brother of the two brothers came in and requested them to refrain from quarrelling. At that time the younger brother suddenly appeared and gave a lethal blow on the head of the elder brother, who died after a few hours in the hospital. What offence has been committed by the younger brother ?

9. निम्नलिखित में अन्तर बताइए : **30**

(अ) विधि-विरुद्ध जमाव, दंगा एवं बलवा

(ब) आपराधिक न्यास भंग, सम्पत्ति का आपराधिक दुर्विनियोग एवं छल

(स) उद्दापन, लूट एवं डकैती

Distinguish between the following :

(a) Unlawful assembly, rioting and affray.

(b) Criminal breach of trust, criminal misappropriation of property and cheating.

(c) Extortion, robbery and dacoity

10. (अ) 'ख' और 'ग' को बसे हुए गृह में अर्धरात्रि में लूट के प्रयोजन से भेदन करने के लिए 'क' उकसाता है और उनको उस प्रयोजन के लिए आयुध देता है । 'ख' और 'ग' वह गृह भेदन करते हैं, और 'य' जो निवासियों में से एक है द्वारा प्रतिरोध किये जाने पर, 'य' की हत्या कर देते हैं । यहाँ 'क' द्वारा कौन सा अपराध किया गया है ? **10**

(ब) 'क' एक हत्या कारित करते हुए मृतक के शरीर से कुछ गहने निकाल लेता है । यद्यपि 'क' हत्या के अपराध का दोषी था, लेकिन गहने निकाल कर उसने कौन सा अपराध किया है ? कारण सहित उत्तर दीजिए । **10**

(स) 'क' जिसकी आयु 16 वर्ष से कम है, एक विवाहित महिला है । अपनी सास से असंतुष्ट होने के कारण वह अपने पति का घर छोड़कर अपने मामा के पास जाने के लिए निकलती है । रास्ते में 'ख' उसे फुसला कर अपने साथ चलने के लिए कहता है और धोखे से उसे एक गाँव में ले जाता है जहाँ उसे वह अपने भाई 'य' के घर रखता है । यहाँ 'ख', 'क' के साथ विवाह करने के लिए बातचीत करता है, लेकिन 'क' की पहचान मालूम चलने पर 'ख' गाँव छोड़कर चला जाता है । इसके पश्चात् 'य', 'क' को पुलिस स्टेशन ले जाता है । पुलिस द्वारा जाँच होने तक वह एक माह इसी स्थान पर रही । इस मामले में 'ख' के द्वारा कौन सा अपराध कारित किया गया ? क्या 'य' भी किसी अपराध के लिए दोषी है ? कारण बताते हुए उत्तर दीजिए । **10**

(a) 'A' instigates 'B' and 'C' to break into an inhabited house at midnight for the purpose of robbery and provides them with arms for the purpose. 'B' and 'C' break into the house and being resisted by 'Z', one of the inmates, murder 'Z'. Here what offences has been committed by 'A' ?

(b) 'A' committing a murder, removes some ornaments from dead body. Though the accused 'A' was guilty of offence of murder, the removal of ornaments amounts to which offence ? Answer by giving reasons.

(c) 'A' is a married woman under sixteen years of age. Being dissatisfied with her mother-in-law, she left her husband's home to go to her maternal uncle. On the way, she was induced by 'B' to accompany her and he deceitfully took her to a village where she was kept in the house of 'B's brother 'Y'. Here negotiations were begun by 'B' to marry 'A', but on 'A' disclosing her identity to the inquirers, 'B' left the village. Thereupon 'Y' took her to the police station and pending inquiry by the police, she lived for a month at this place. In this matter, what offence has been committed by 'B' ? Whether 'Y' also guilty of any offence ? Answer by giving reasons.

---